**भारत सरकार**

**जल शक्ति मंत्रालय**

**जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2967**

**जिसका उत्तर 08 अगस्त, 2024 को दिया जाना है।**

**.....**

**महाराष्ट्र में अटल भूजल योजना**

**2967. श्री संजय दीना पाटिल:**
**श्रीमती सुप्रिया सुले:**
**श्री अमर शरदराव काले:**
**श्री नागेश बापुराव अष्टिकर पाटिल:**
**श्री धैर्यशील राजसिंह मोहिते पाटील:**
**प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़:**
**श्री बजरंग मनोहर सोनवणे:**
**श्री निलेश ज्ञानदेव लंके:**
**श्री भास्कर मुरलीधर भगरे:**
**डॉ. अमोल रामसिंग कोल्हे:**

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार महाराष्ट्र राज्य में अटल भूजल योजना का कार्यान्वयन कर रही है और यदि हां, तो इसके कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति, उपलब्धियों और इसके अंतर्गत हुई प्रगति सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इस योजना के अंतर्गत भौगोलिक प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और योजना के कार्यान्वयन हेतु पहचान किए गए अतिदोहित और जल की कमी वाले क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है;

(ग) महाराष्ट्र में इस योजना के अंतर्गत अब तक शामिल किए गए गांवों की संख्या का ब्यौरा क्या है और इससे जिला-वार कितने बीपीएल/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति परिवार लाभान्वित हुए हैं;

(घ) क्या योजना के अधिदेश के अनुसार महाराष्ट्र में अटल भूजल योजना के अंतर्गत विभिन्न मानदंडों में सुधार किए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान इस योजना के लिए कितनी धनराशि जारी की गई और उपयोग की गई तथा इस योजना के अंतर्गत विदेशी या निजी सहयोगकर्ताओं का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**जल शक्ति राज्य मंत्री (श्री राज भूषण चौधरी)**

**(क):** जी हां । भारत सरकार द्वारा दिनांक 01.04.2020 से 5 वर्षों की अवधि के लिए महाराष्ट्र राज्य के 13 जिलों के 43 तालुकों में केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम अटल भूजल योजना का कार्यान्वयन किया जा रहा है। महाराष्ट्र में इस स्कीम के तहत पूरी हो चुकी / जारी प्रमुख गतिविधियां निम्नलिखित हैं:

i. सभी ग्राम पंचायतों में पीजोमीटर का निर्माण किया गया है और अन्य उपकरण (डिजिटल जल स्तर रिकॉर्डर, जल स्तर साउंडर, वर्षा मापी आदि) खरीदे गए हैं।

ii. महाराष्ट्र में अब तक 7 राज्य स्तरीय, 53 जिला स्तरीय, 161 ब्लॉक स्तर और 15,517 ग्राम पंचायत स्तर के प्रशिक्षण आयोजित किए गए हैं।

iii. नुक्कड़ नाटक, अटल जल रथ, लिफलेट / ब्रोशर और पैम्फलेट का वितरण, रेडियो जिंगल के माध्यम से ऑडियो प्रचार, वॉल पेंटिंग, घर घर-अभियान, कला जत्था, वृत्तचित्रों आदि सहित आईईसी गतिविधियों के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान आयोजित किए गए हैं।

iv. बैठकों तथा लिफलेट / ब्रोशर और पैम्फलेट, नोटिस बोर्ड, सोशल मीडिया एवं भूजल सूचना प्रसार केंद्रों (जीआईडीसी) के माध्यम से भूजल संबंधी डेटा का सार्वजनिक प्रचार प्रसार-किया गया है।

v. सभी ग्राम पंचायतों के लिए जल बजट और जल सुरक्षा योजनाएं तैयार कर ली गई हैं।

vi. राज्य द्वारा 738 करोड़ रुपये के अभिसरण प्राप्त करने के लक्ष्य की तुलना में 699 करोड़ रुपये का अभिसरण प्राप्त कर लिया गया है।

vii. 75,000 हेक्टेयर के लक्षित क्षेत्र की तुलना में लगभग 78,255 हेक्टेयर क्षेत्र को कुशल जल उपयोग प्रथाओं के तहत शामिल किया गया है।

viii. 4 ब्लॉकों में विभिन्न ग्राम पंचायतों में भूजल स्तर में हो रही गिरावट में कमी आई है।

**(ख):** जी हां। संबंधित विवरण निम्नलिखित हैं:

| **क्र.सं.** | **जिला** | **ब्लॉक** |
|---|---|---|
| 1. | पुणे | पुरंदर, बारामती, इंदापुर |
| 2. | सातारा | वाई, खटाव, मान, महाबलेश्वर |
| 3. | सांगली | कवठेमहंकल, तासगांव, खानपुर, जाट, मिराज |
| 4. | सोलापुर | पंढरपुर, माधा, महल, मालशिरस |
| 5. | जालना | जालना, घनसावंगी, परतुर |
| 6. | उस्मानाबाद | उस्मानाबाद, ओमर्गा |
| 7. | लातूर | रेनापुर, लातूर, सकुर, निलंगा, शिरूर-अनंतपाल |
| 8. | बुलधाणा | मोटाला, मलकापुर |
| 9. | अमरावती | मार्शी, चंदुरबार, वरुड |
| 10. | अहमदनगर | संगमनेर, रहाता, कर्जत |
| 11. | नासिक | देवला, सिन्नार, नासिक |
| 12. | जलगाँव | परोला, अमलनेर, यावल, रेवरे |
| 13 | नागपुर | नरखेड़, कटोल |

**(ग):** महाराष्ट्र के 13 जिलों के 43 ब्लॉकों की 1133 ग्राम पंचायतों के अंतर्गत 1442 गांवों में अटल भूजल योजना की शुरुआत की गई है, जिसका ब्यौरा **अनुलग्नक I** में दिया गया है। इस योजना के तहत लाभान्वित अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/सामान्य वर्ग के परिवारों की संख्या का विवरण **अनुलग्नक I** में दिया गया है।

**(घ):** जी हां। इस योजना के तहत मापदंडों को पांच संवितरण लिंक्ड संकेतक (डीएलआई) के रूप में परिभाषित किया गया है। इन मापदंडों के आधार पर महाराष्ट्र का प्रदर्शन निम्नलिखित है:

I. डीएलआई 1: भूजल डेटा/सूचना और रिपोर्ट का सार्वजनिक प्रकटीकरण: 2,106 के लक्ष्य की तुलना में कुल 3,594 सफल उपलब्धि प्राप्त हुई।
II. डीएलआई 2: सामुदायिक नेतृत्व वाली जल सुरक्षा योजनाओं की तैयारी: सभी 1,133 ग्राम पंचायतों की जल सुरक्षा योजनाएँ तैयार कर ली गई हैं।

III. डीएलआई 3: जारी / नई योजनाओं के अभिसरण के माध्यम से अनुमोदित जल सुरक्षा योजनाओं का सार्वजनिक वित्तपोषण: प्रस्तावित उपायों के लिए विभिन्न योजनाओं से 699 करोड़ रुपये इकठ्ठा किए गए हैं।

IV. डीएलआई 4: कुशल जल उपयोग के लिए प्रथाओं को अपनाना: कुशल जल उपयोग प्रथाओं के तहत 78,255 हेक्टेयर क्षेत्र को शामिल किया गया है।

V. डीएलआई 5: भूजल स्तर की गिरावट दर में सुधार: 4 ब्लॉकों के विभिन्न ग्राम पंचायतों में भूजल स्तर की गिरावट में कमी आई है।

**(ड़):** पिछले 3 वर्षों में से प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान उक्त योजना के लिए जारी और उपयोग की गई निधियों का विवरण **अनुलग्नक II** में दिया गया है। इस योजना का कार्यान्वयन विश्व बैंक की सहायता से किया जा रहा है।

*****

**<u>अनुलग्नक I</u>**

**"महाराष्ट्र में अटल भूजल योजना" के संबंध में दिनांक 08.08.2024 को लोक सभा में उत्तर दिये जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 2967 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**तालिका 1: महाराष्ट्र में अब तक इस योजना के अंतर्गत शामिल किए गए गांवों की संख्या का जिलावार विवरण:**

| क्र.सं.. | जिला | ब्लॉकों की संख्या | ग्राम पंचायतों की संख्या | गांवों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अहमदनगर | 3 | 100 | 110 |
| 2 | अमरावती | 3 | 93 | 214 |
| 3 | बुलधाणा | 2 | 42 | 69 |
| 4 | जलगाँव | 4 | 100 | 115 |
| 5 | जालना | 3 | 37 | 42 |
| 6 | लातूर | 5 | 115 | 136 |
| 7 | नागपुर | 2 | 71 | 122 |
| 8 | नासिक | 3 | 116 | 131 |
| 9 | उस्मानाबाद | 2 | 48 | 55 |
| 10 | पुणे | 3 | 106 | 118 |
| 11 | सांगली | 5 | 94 | 95 |
| 12 | सातारा | 4 | 97 | 115 |
| 13 | सोलापुर | 4 | 114 | 120 |
| | कुल | **43** | **1,133** | **1,442** |

**तालिका 2: महाराष्ट्र में अटल भूजल योजना के तहत लाभान्वित बीपीएल/एससी/एसटी परिवारों की संख्या:**

| श्रेणी | शामिल किए गए परिवारों की संख्या |
|---|---|
| अनुसूचित जाति | 42,204 |
| अनुसूचित जनजाति | 19,265 |
| अन्य पिछड़ा वर्ग | 79,411 |
| सामान्य वर्ग | 1,53,407 |
| **कुल** | **2,94,288** |

*****

<u>**अनुलग्नक II**</u>

**"महाराष्ट्र में अटल भूजल योजना" के संबंध में दिनांक 08.08.2024 को लोक सभा में उत्तर दिये जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 2967 के भाग (ड़) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**तालिका 1: पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान महाराष्ट्र को अटल भूजल योजना (अटल जल) के तहत वर्षवार जारी की गई निधि:**

(रुपए करोड़ में)

| राज्य | वित्त वर्ष 2021-22 | वित्त वर्ष 2022-23 | वित्त वर्ष 2023-24 | वित्त वर्ष 2024-25 (दिनांक 31.07.2024 तक) | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| महाराष्ट्र | 43.18 | 190.95 | 242.62 | 9.50 | 486.25 |

**तालिका 2: पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान महाराष्ट्र द्वारा अटल भूजल योजना (अटल जल) के तहत उपयोग की गई धनराशि का वर्ष-वार विवरण:**

(रुपए करोड़ में(

| राज्य | वित्त वर्ष 2021-22 | वित्त वर्ष 2022-23 | वित्त वर्ष 2023-24 | वित्त वर्ष 2024-25 (दिनांक 31.07.2024 तक) | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| महाराष्ट्र | 3.38 | 65.67 | 301.87 | 63.75 | 434.67 |

*****